# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025





**खबर संक्षेप**

### विवेक शर्मा ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**राजिम।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन विवेक शर्मा ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर श्रीमदभगवद गीता भेंट की तथा शिक्षकों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। शालेय शिक्षक संघ एवं अन्य संगठनों की मांग पर शनिवार सुबह स्कूल करने पर श्री शर्मा ने मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कलेक्टर से मुलाकात



**महासमुंद।** गुरुवार को जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से डीसीएस के संबंध पर चर्चा कर चंदन साहू ने धन्यवाद प्रेषित व गुलदस्ता भेंट कर किया।

### देवरी स्कूल में छात्रों को कराया गया व्यायाम



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को सुबह विद्यालय लगाने के लिए आदेश जारी किया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शनिवार को सुबह 7:30 बजे से विद्यालय संचालित किया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में समस्त छात्र-छात्राओं को व्याख्याता परस राम सिन्हा द्वारा व्यायाम करवाया गया। विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, रवि प्रकाश पात्रे, नीलू सोनी, आशीष यादव, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव ने छात्रों के साथ मिलजुलकर व्यायाम किया। व्यायाम के साथ साथ सामूहिक रूप में ताली बजाने और जोर जोर से हंसी, ठहाके लगाने का भी प्रयास किया गया। व्यायाम के अभ्यास में समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाए।

### शाला प्रबंधन समिति ने की शाला प्रांगण की साफ-सफाई



**महासमुंद।** शाला स्वच्छता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा शाला प्रांगण की साफ सफाई की गई। साथ ही प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लेखराम साहू एवं उपस्थित सदस्यों ने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वस्थ के लिए शारीरिक स्वच्छता के साथ शाला प्रांगण, रसोई कक्ष, पठन कक्ष, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय होना चाहिए और हम अपने शाला में स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए उचित प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति अध्यक्ष लेखराम साहू, बोहरण लाल साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, दौलत पटेल, पदमिनी, अमसोइया, चित्रा, खिलेश्वरी, शिक्षक मुकेश कुमार टंडन, प्रधान पाठक पुष्पा साहू एवं विधायक प्रतिनिधि गोपी राम सेन उपस्थित रहे।

## विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता बालक स्कूल छुरा में हुई

# समस्या समाधान के प्रश्नों को व्यवहारिक तरीकों से सरल बनाना होगा : शंकर लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता बालक उच्चतर माध्यमिक शाला छुरा में संपन्न हुआ। जोन स्तर से चुनकर आए बाल वैज्ञानिको ने कई चरणों में चले प्रश्नों का आनंद लिया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में चरणबद्ध रूप से गणित/विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन के लिए सहायक कार्यक्रम समन्वयक विल्सन पी थामस, जिला नोडल ज्ञानेन्द्र शर्मा, कपिल सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, जिला कार्यालय से देवेन्द्र सिंह आसनी, चंद्रहास साहू, टाकेश्वरी साहू द्वारा व्यवस्थित रूप से रूपरेखा तैयार की गई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, बीआरसी हरीश देवांगन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुआ। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन ने कहा कि ऐसे आयोजन, शालाओं को नवाचार का केन्द्र बनाने और निरंतर सीखने के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। समन्वयक शंकर लाल यदु ने कहा कि विज्ञान, गणित की समस्याओं का समाधान करने के लिए व्यावहारिक तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। बच्चे आसपास के वातावरण से जल्दी सीखते हैं।

### बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता की भावना का विकास होता है

जोन प्रभारी रामलाल टांडे एवं चैतराम कुंजाम ने कहा कि बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला नोडल अर्जुन धनंजय सिन्हा ने मजेदार गणितीय ट्रीक के माध्यम से सदन को जोड़े रखा। जिला नोडल अर्जुन धनंजय सिन्हा, विकासखंड नोडल हेमलाल पटेल, सुदामा प्रसाद लोधी, राजेश कुमार देवांगन, तिजऊ राम साहू निर्णायक रहे। समन्वयक खोरबाहरा निषाद संचालन, कमलेश साहू स्कोरर एवं चुलेंद्र यादव ने समय प्रबंधन में विशेष सहयोग प्रदान किया। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में छुरा बालक संकुल, आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के छात्र यशराज सिन्हा प्रथम, फाल्गुनी यादव द्वितीय एवं साजापाली संकुल, गोंदलाबाहरा शाला से वैष्णवी महानंद तृतीय स्थान अर्जित किए। कार्यक्रम में प्राचार्य विनोद कुमार देवांगन, समन्वयक पंकज कुमार साहू, नंदझरोखा कुर्रे, प्रवीण द्विवेदी, चेतन कंवर, हरीश साहू, रामचंद्र ध्रुव, लोमस साहू, शारदा प्रसाद साहू, ढालचंद साहू, बलराम साहू उपस्थित रहे। सभी विजेताओं को शिक्षाविद् केआर सिन्हा, एसआर निषाद, बीएल तारक, उखराज ध्रुवा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतराम साहू, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, मुरारी राम देवांगन, रोहित नेताम, उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## सीएम साय के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से कर रहा विकास : विधायक घोष



**नवापारा-राजिम।** एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज के साथ पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक सुशांत घोष, अभियान के सदस्य श्यामाप्रसाद चक्रवर्ती एवं राजीव चक्रवर्ती पिपरौद पहुंचे। इस अवसर पर विधायक सुशांत घोष ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक शांत प्रदेश है जबकि पश्चिम बंगाल में अराजकता और अशांति व्याप्त है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को सफल बनाने के लिए सभी देशवासी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं पर पश्चिम बंगाल व अन्य कुछ राज्य के लोग एक भारत श्रेष्ठ भारत अवधारणा के विपरीत कार्य पद्धति बनाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर बढ़ रहा है। हम भी उनके कार्यों का अवलोकन करने के लिए छत्तीसगढ़ आये हुये हैं। वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने शासन व्यवस्था के बारे में बताया कि छत्तीसगढ़ में सबका साथ सबका विकास पर आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। इस कारण से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लोकप्रियता सूची में देश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, आईटी सेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शांतनु सिन्हा, पूर्व एल्डरमेन हेमंत तारक, परगना धीवर समाज अध्यक्ष वेदव्यास तारक, नवापारा मंडल महामंत्री चेतन साहू, पूर्व जनपद सदस्य कमलनारायण साहू, पूर्व सरपंच वाय के साहू, कार्तिक राजवंशी, सोसायटी अध्यक्ष किसन साहू, सरपंच प्रतिनिधि भीखम साहू, नरेंद्र देव वर्मन मौजूद थे। स्थानीय निवासियों ने प्रवासी विधायक श्री घोष को महतारी वंदन योजना, कृषि कल्याण योजना की जानकारी दी। गौरतलब है कि पिपरौद कालोनी एक शरणार्थी बस्ती है, यहां पर बंगाली समुदाय के लोग निवासरत हैं।

## मालकांगनी 14 रुपए किलो में बिक रहा, दवा बनाने में होता है उपयोग

**मैनपुर।** मैनपुर के वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले अधिकांश ग्रामीण अपनी जीविका के लिए वनोंपज पर ही निर्भर रहते हैं। क्षेत्र के घने जंगलों से साल भर विभिन्न प्रकार के वनोपज प्राप्त होते हैं। इन दिनों मैनपुर के जंगलों में मालकांगनी, जिसे स्थानीय भाषा में फेन कहा जाता है, की भरपूर पैदावार हो रही है। ग्रामीण इस प्राकृतिक वनोपज को इकट्ठा कर मैनपुर लाकर बेच रहे हैं और अपनी आजीविका चला रहे हैं। मालकांगनी एक लता है जिसके फल मटर के दाने की तरह गोल और पीले होते हैं, और प्रत्येक फल में एक बीज होता है। ग्रामीण आसानी से इन फलों को तोड़कर लाते हैं और बाजार में बेचते हैं। मिली जानकारी के अनुसार, छिलके वाला मालकांगनी फेन 14 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि इसके बीज को निकालकर 140 रुपये प्रति किलो तक बेचा जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, मालकांगनी का उपयोग मुख्य रूप से औषधि के रूप में



किया जाता है। इसके बीजों से निकाले गए तेल का इस्तेमाल लकवा और कमर दर्द जैसी बीमारियों में मालिश के लिए किया जाता है, जिससे काफी फायदा मिलता है। अब इसके तेल और दवाएं मेडिकल स्टोरों में भी आसानी से उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।

## नहर पानी टेल एरिया में नहीं पहुंच रहा, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम जो नहर पानी के लिए अंतिम छोर यानि टेल एरिया पड़ता है इस 087 चैन क्रमांक के नहर नाली में बीते सप्ताह भर से पानी नही आ रहा है थोड़ा बहुत इस नहर में जो पानी बह रहा है वह राइस मिल का गंदा पानी है जो खेत में पलाने लायक नहीं है। इन दिनों खेतों में कई के तरह की बीमारी लग रही है जिसमें भूरा माहूं तना छेद ब्लास्ट पत्ती मोड़, आदि कीट व्याधि व्याप्त है जिसमें दावा का छिड़काव करना जरूरी है और दवा जो सही ढंग से कम कर सके उसके लिए खेतों में पर्याप्त पानी की आवश्यकता है लेकिन पानी नहीं होने के कारण किसान नहर तक जाते जरूर हैं लेकिन उन्हें कुछ हासिल नही होता। वैसे भी इस नाली में कांक्रीटीकरण होने के बावजूद घास भूस इतने बुरी तरह से ऊग आया है कि पानी की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। किसान भोला साहू ,अशोक पाल ,रामकुमार साहू



,चमेली पटेल किसानों ने कहा कि इस एरिया में पानी की मारामारी होने लगी है बावजूद इसके सिंचाई विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। ज्ञात हो कि ऊपरी हिस्से के गांव के किसान नहर को हेड अप कर देते हैं जिसके कारण नीचे के एरिया में पानी पहुंच ही नहीं पाता।

## भाजपा मंडल ने आयोजित की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला, 17 से शुरू होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भाजपा मंडल मैनपुर में 13 सितंबर को 'सेवा पखवाड़ा' को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, और किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामदास वैष्णव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' के कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण जैसे आयोजन शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज में सेवा और जनकल्याण की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है, जिसमें ग्रामीणों और महिला स्व-सहायता समूहों का सहयोग लिया जाएगा।



### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

कार्यशाला के बाद छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू और भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस प्रांगण में *"एक पेड़ मां के नाम"* अभियान के तहत एक पौधा लगाया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री घनश्याम मरकाम, महेश कश्यप, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री घनश्याम मरकाम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष तीजू सिन्हा ने किया।

## विधायक ध्रुव ने रसेला में किया भूमिपूजन क्षेत्र के विकास और समस्याओं पर की चर्चा



**रसेला।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव 12 सितंबर को अपने क्षेत्रीय दौरे पर रसेला अंचल पहुंचे। उन्होंने ग्राम दादरगांव नया में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद विधायक रसेला के प्रज्ञा पीठ गायत्री मंदिर और शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद, विधायक ने मंदिर परिसर में टीना शेड और किचन शेड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस कार्यक्रम में विधायक जनक राम ध्रुव मुख्य अतिथि थे, जबकि सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने अध्यक्षता की। उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख डी.आर. यादव, और सरपंच विजय कृष्ण नागेश सहित कई अन्य अतिथि भी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें मां गायत्री और महाकाल के दर्शन करने का अवसर मिला। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और स्थानीय समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने विधायक के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। इस दौरान, गायत्री परिवार रसेला ने विधायक और अन्य अतिथियों को 9 से 12 दिसंबर तक रसेला में आयोजित होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आमंत्रण भी दिया। विधायक ने क्षेत्र के कई ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए हुई बैठक



**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन को मजबूती प्रदान एवं निचले ग्रामीण ईकाई तक पार्टी की नीति सिद्धांत एवं सत्ता पक्ष के नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के से सीधा संवाद एवं संपर्क के माध्यम के लिए संगठन सृजन के तहत बूथ कमेटी सेक्टर कमेटी जोन कमेटी गठन के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गठन के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पर्यवेक्षक कन्हैया अग्रवाल महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नियुक्त किया गया था जो विगत दिवस कार्यालय संगवारी नवापारा में संपूर्ण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अंतर्गत 50 ग्राम के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के पदाधिकारियों ने एक नाम पर सहमति प्रदान किया जिसको सभी ने समर्थन दिया। जिसको पर्यवेक्षक द्वारा प्रस्ताव पारित प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया जिसका जिसका अधिकृत घोषणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, ब्रम्हानंद ठाकुर, राजू शर्मा, डामन साहू, शीला कंडरा, संजीव गोस्वामी, शशिप्रकाश साहू सरपंच, दयाराम जांगड़े, अक्षय साहू सरपंच, चोमेश्वर कुर्रे सरपंच, ताराचंद साहू, दिलीप बंजारे, लखन साहू, गोपाल साहू, कमलनारायण साहू, संतोष साहू, पप्पू ध्रुव, तिलक साहू, कृष्णा चक्रधारी, दीपक तारक, धन्नू पाल, मोहन देवांगन, ज्ञानचंद यादव, फुलदास मानिकपुरी, भूपेंद्र साहू, जीवन साहू, गणपत साहू, संजू साहू, देवा यादव, रामसेवक साहू, जितेंद्र बांसवार, विजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा मंडल राजिम में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शनिवार को भाजपा मंडल राजिम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के मंडल स्तरीय कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ,कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला महामंत्री आशीष शर्मा ,न.प अध्यक्ष महेश यादव ,न.प पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजू नायक ,भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कार्यशाला के दौरान सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले आगामी कार्यक्रमों व आयोजनों की जानकारी साझा किया। इस कार्यक्रम में राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ,भाजपा नेता गैंदलाल साहू, मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा ,नारायण साहू, कमल नारायण देवांगन, महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, रेणुका साहू, मंत्री राजेश परमार, लोकेश सोनी, मीणा ध्रुव, टोमेश्वरी रात्रें, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, सभापति आकाश राजपूत, भारत यादव,कुलेश्वर साहू, पार्षद सुरेश पटेल, अजय पटेल,संजय सोनकर,संजीव साहू, शरद पारकर,दुर्गेश धीवर,देवकी साहू,मधु नथानी,जिनेंद्र साहू, लेखराज ध्रुव, प्रेमलाल साहू, महेंद्र कुमार महिलाग,ईश्वर पाल, हीरऊराम साहू, भूषण राम,विजय सिंह, लिंकम साहू, जयलाल साहू, चंद्रप्रकाश सेन, हरख राम साहू, सालिक राम साहू, ईश्वर राम साहू, खेमलाल साहू, नरेंद्र निषाद, प्रीतम बंजारे, मंगतुराम साहू, डोमार ध्रुव, दिलीप पटेल, एस कुमार, वीरेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू, सोन साय,ओमप्रकाश सेन, लेखराम सेन, मदनलाल साहू, तुलसराम यादव, ईश्वर साहू, श्यामलाल साहू, रामेश्वर ध्रुव, छत्रपाल साहू, पंचराम पाल ,जीवनलाल साहू, रामकुमार साहू, नीलकंठ साहू, दुकालू निषाद, लेखराम साहू, भागवत साहू, गोविंद पाल, घनश्याम साहू, राजकुमार ध्रुव, सत्यनारायण धीवर, चेमन धीवर,परमेश्वर विश्वकर्मा, नंदूराम साहू,ओंकार साहू, राजकुमार साहू, नारायण साहू, योगेश्वर गोस्वामी, शिवकुमार साहू, पूरन निर्मलकर, लिकेश्वर साहू, रोमन बंजारे ,ओमप्रकाश रात्रे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसडीएम के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना

# कन्याशाला के मर्जर के खिलाफ छात्राओं का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

13 सितंबर को नगर के कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला को ठाकुर दलगंजन शाला में मर्ज करने की प्रक्रिया के विरोध में स्कूली छात्राओं ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया।

एसडीएम विशाल राणा की समझाइश और आश्वासन के बाद छात्राओं ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया। पिछले कई वर्षों से शासकीय कन्या स्कूल मजबूती के साथ संचालित हो रहा है और इसमें विद्यार्थियों की संख्या भी पर्याप्त रही है। इसके बावजूद, अधिकारियों ने इस स्कूल की स्वतंत्रता को समाप्त कर इसे नगर के समीप स्थित ठाकुर दलगंजन स्कूल में मिला दिया। इस फैसले को लेकर पालकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी और



शासन से इस आदेश को वापस लेने की मांग की थी, लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

नाराज छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोला। उन्होंने तहसील कार्यालय का घेराव किया और उसके बाद रानी श्यामकुमारी चौक पर सड़क पर बैठकर पढ़ाई करते हुए चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस, तहसीलदार और एसडीएम मौके पर पहुंचे और छात्राओं को समझाकर सड़क से हटाया। अधिकारियों ने छात्राओं को आश्वासन दिया कि कन्या शाला के मर्जर आदेश को हटाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय-सीमा के भीतर यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो वे भविष्य में उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।



हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

04 वनांचल स्कूलों में बदहाल व्यवस्था, छात्रों को नहीं...



04 गोदाम में चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं ...






आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समैन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ की बैठक आज

छुईहा बेलर। जिला साहू संघ गरियाबंद के तत्वावधान में 14 सितंबर को ग्राम बेलर में नवनिर्मित साहू सदन में एक



महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, जिसकी अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू करेंगे। जिला साहू संघ के कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू (राजिम) और मीडिया प्रभारी जागेश्वर साहू (चैतरा) ने बताया कि इस बैठक में जिला, तहसील, परिक्षेत्र और ग्राम के सभी अध्यक्ष, पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजन और प्रकोष्ठ अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### कांदाडोंगर में नवाखाई मिलन समारोह आज

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के कांदाडोंगर में सकिर्तन महासंघ द्वारा नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन 14 सितम्बर दिन रविवार को आयोजित



किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शामिल होंगे। उक्त जानकारी सर्कितन के अध्यक्ष चंदन सोनी ने दिया है साथ ही सभी लोगो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपिल की है।


सफलता : मैनपुर के जंगलों में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, 5.22 करोड़ के इनामी 10 नक्सली ढेर

# कुल्हाड़ीघाट जंगल में दो दिनों तक चले मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर, सुरक्षा बलों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 39 किलोमीटर दूर कुल्हाडीघाट के बीहड़ जंगल और पहाड़ी के ऊपर सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच बारिश के बावजूद दो दिन तक चले मुठभेंड़ में 10 खुंखार नक्सलियों को पुलिस ने मौके पर ढेर करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। इन मारे गए नक्सलियों में कुल 5.22 करोड़ का ईनाम रखा गया था सुरक्षा एजेंसिया पिछले एक दशक की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है, इस मुठभेंड़ में सबसे बडा नाम सामने अया है मोडेम बाला कृष्णा उर्फ मनोज जो नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी का सदस्य था उस पर अकेले 01 करोड़ 80 लाख रूपये का ईनाम था, वहीं प्रमोद उर्फ पाण्डु जो ओडिसा राज्य कमेटी के सदस्य थे इनके ऊपर 01 करोड 20 लाख का ईनाम था।

वहीं टेकनिकल टीम प्रभारी विमल उर्फ मंगन्ना पर भी 01 करोड 20 लाख रूपये का ईनाम छत्तीसगढ राज्य शासन द्वारा एंव ओडिसा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र एंव मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रखा गया था, इसके अलावा समीर, रंजीता, वनिला, सीमा, विक्रम, उमेश और बिमला पर भी लाखों का ईनाम रखा गया था ऐसे खुंखार नक्सलियों को हमारे सुरक्षाबलो द्वारा बहादुरी पूर्वक मौके पर ही ढेर करने में सफलता प्राप्त की है जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह से शुरू हुए मुठभेंड लगातार जारी रहा जो रातभर और दुसरे दिन शुक्रवार को दोपहर तक चलता रहा गोलियों की आवाज गांव तक गुंज रही थी और आसपास छोटे छोटे पाराटोला में निवास करने वाले लोगो में भारी दहशत और डर देखने को मिला। लगभग 16 घंटे चले इस मुठभेड़ में लगभग नक्सलियों के बड़े नेताओं का सफाया हो गया है और नक्सली अपने साथियों का शव न ले जाए इसलिए जबरदस्त घेराबंदी और रणनीति के साथ सुरक्षाबलो ने कार्य किया पूरे मुठभेड़ खतम होने के बाद भारत माता की जयकारे लगाया गया और हमारे बहादूर सुरक्षा बलो ने जश्न मनाया।




### एयरलिफ्ट कर नक्सलियों के शव को ले जाया गया

ज्ञात हो कि कुल्हाडीघाट के मटाल पहाड़ी बेहद दुर्गम स्थल पर है राजाडेरा के बाद खड़ी चढाई लगभग चार किलोमीटर चढने के बाद तीन किलोमीटर उत्तर की दिशा में यह मुठभेंड़ हुआ है नक्सलियों के शव को एक जगह एकत्र करने के बाद और चारो तरफ सर्चिंग अभियान पूरा करने के बाद दो हेलीकाप्टर के माध्यम से नक्सलियों के शव को जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जवानों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में ढेर नक्सलियों के शव को लेकर जब जवान लौट रहे थे तो जगह -जगह सड़क में आईडी प्लांट होने के कारण हेलीकाप्टर के माध्यम से शव को सुरक्षित जिला मुख्यालय पहुंचाया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों के हाथ एक बक्सा बरामद होने की चर्चा चल रही है, इस बक्सा के खुलने के बाद कई महत्वपूर्ण राज खुलंगे और जो अभी 10 नक्सली मारे गए है उसमें अधिकांश टेक्निकल टीम के सदस्य थे जिसके कारण पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के अनुसारी इस आपरेशन में खास बात यह रही की लगभग 400 जवानों ने नक्सलियों की घेराबंदी की थी और 10 नक्सलियों को ढेर किया गया लेकिन हमारे बहादूर वीर जवानों को एक खरोच तक नही आई सभी सुरक्षित लौटे। आपरेशन समाप्त होने के आज दूसरे दिन भी लगातार सुरक्षा बल के जवान पहाड़ी क्षेत्र का सर्चिंग किए और बड़ी संख्या में पुलिस के बल क्षेत्र में दिखाई दिए लगातार पुलिसबल द्वारा क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज किया गया है।

### सुरक्षाबलों को 9 माह के भीतर दूसरी बड़ी सफलता

ज्ञात हो कि यह वही कुल्हाडीघाट भालूडिग्गी के इस पहाडी में जनवरी माह में सुरक्षा बलों ने 72 घंटे चले मुठभेंड में दुर्दातं नक्सली जयराम उर्फ चलपति सहित 16 नक्सलियों को चारो तरफ से घेर कर ढेर कर दिया गया था महज 09 माह के भीतर एक बार फिर नक्सलियों ने इसी पहाड़ी ईलाके को सुरक्षित मानकर आपना ठिकाना बना लिया था लेकिन पुलिस बल ने इस बार फिर एक बडी सफलता प्राप्त की हैं। छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत गरियाबंद जिले के थाना मैनपुर अंतर्गत राजाडेरा मटाल पहाड़ी के क्षेत्र में उडिसा स्टेट कमेटी के धमतरी गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर 10 सितम्बर को गरियाबंद पुलिस की ई-30, एसटीएफ, सीएएफ तथा कोबरा 207 की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान में सूचना स्थल की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 11 सितम्बर को राजाडेरा मटाल पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुये नियंत्रित फायर किया गया। 11 सितम्बर से लेकर 12 सितम्बर प्रातः 08.00 बजे तक माओवादियों द्वारा लगातार सुरक्षाबलों के उपर अंधाधुंध फायरिंग किया जाता रहा। सुरक्षा बल के जवानों द्वारा अदम्य साहस, वीरता और धैर्य का परिचय देते हुए माओवादियों को मुंहतोड जवाब दिया गया। मुठभेड़ के पश्चात घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग करने पर 06 पुरूष तथा 04 महिला सहित कुल 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे आटोमेटिक हथियार सहित कुल 10 हथियार व भारी मात्र में नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

# जिला कलेक्टर उइके की फोटो का दुरुपयोग कर बनाया फर्जी प्रोफाइल




### वियतनाम से हो रहा था ऑपरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

साइबर अपराध अब सिर्फ बैंकों और खातों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने अब एक जिले के प्रमुख अधिकारी को भी निशाना बनाया है। गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके की फोटो का दुरुपयोग करते हुए वियतनाम से ऑपरेट हो रहे हैकरों ने एक फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को झूठे और भ्रामक संदेश भेजने का अभियान शुरू कर दिया है।

यह घटना न सिर्फ प्रशासन के लिए एक चेतावनी है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने बताया कि किसी ने उनकी आधिकारिक प्रोफाइल फोटो चुराकर एक मोबाइल नंबर से जोड़ दी है, जो जांच में वियतनाम का पाया गया है। उन्हें इस घटना की जानकारी बालोद जिले के कलेक्टर से मिली, जिन्होंने अपने मोबाइल पर कलेक्टर उइके की फोटो लगा हुआ एक संदेश देखा, जबकि नंबर उनका नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा और साइबर सेल को इसकी जानकारी दी गई है। दोनों की टीमें मामले की जांच कर रही हैं और लोगों से इस तरह के संदेशों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### पहचान को निशाना बना रहे साइबर अपराधी

*प्रशासन ने बताया कि साइबर अपराधी अब केवल पैसों की ठगी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों का विश्वास जीतते हैं और फिर उन्हें धोखा देते हैं। यह पहला मामला नहीं है जब अंतरराष्ट्रीय साइबर नेटवर्क ने भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीरों का दुरुपयोग किया हो। यह घटना इस बात की ओर भी इशारा करती है कि जब जिले का कलेक्टर ही निशाने पर है, तो आम नागरिक कितने सुरक्षित हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अज्ञात नंबर से आए संदिग्ध संदेश पर भरोसा न करें और न ही कोई निजी जानकारी साझा करें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*




**खबर संक्षेप**

## मुरुम का अवैध खनन पोकलेन किया जब्त



**अभनपुर।** अभनपुर नगरीय सीमा क्षेत्र मे औद्योगिक क्षेत्र के लिए आबंटित भूमि पर मुरूम का अवैध उत्खनन करते एक टाटा हिटाची पोकलेन मशीन को खनिज विभाग के अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व मे खनिज निरीक्षक हेलेन्द्र स्वर्णपाल की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते पोकलेन मशीन को जप्त कर अभनपुर थाना के सुपुर्द किया गया है। अधिकारियो ने कहा कि जप्त मशीन के खिलाफ खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्यवाही की जायेगी साथ ही अवैध खनन मे शामिल व्यक्तियो के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। औद्योगिक क्षेत्र के लिए आबंटित भूमि पर खनन की शिकायत अधिकारियो द्वारा माइनिंग विभाग को मिलने पर यह बड़ी कार्यवाही की गई है इसी तरह नगरीय सीमा क्षेत्र मे कृष्ण कुंज वाटिका व फील्टर प्लांट के पास शासन की योजनाओ के लिए आरक्षित समतल भूमि को अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिसकी शिकायत नगर पालिका अधिकारी द्वारा एसडीएम अभनपुर को किया गया है। खनिज विभाग के अधिकारियो ने कहा कि अवैध उत्खनन के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रखेगे किसी भी प्रकार की अवैध उत्खनन की गतिविधि की जानकारी मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## 32 छात्राओं को बांटी गई निःशुल्क साइकिल

**अरंड (पिथौरा)।** पिथौरा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल अरंड में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 में कक्षा नवमी में अध्यनरत पात्र 32 छात्राओं को 12 सितंबर 2025 को साइकिल वितरित किया गया।

# वनांचल स्कूलों की व्यवस्था बदहाल, छात्रों को नहीं मिलीं पूरी किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के घने वनांचल में बसे राजापड़ाव-गौरगांव क्षेत्र के स्कूलों और आश्रमों का निरीक्षण करने पहुंचीं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना।

उन्होंने जल्द ही इन मुद्दों से गरियाबंद कलेक्टर को अवगत कराकर समाधान करने का आश्वासन दिया है। श्रीमती नेताम ने मैनपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर स्थित संवेदनशील क्षेत्र, ग्राम गहराडीह के आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। यहां 100 सीटों वाले इस आश्रम में मात्र 34 बिस्तर ही उपलब्ध हैं, जिससे 100 बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद, उन्होंने गहराडीह शासकीय हाई स्कूल का भी दौरा किया, जहां शौचालय की स्थिति बेहद दयनीय पाई गई।

इसके अलावा, स्कूल के चारों तरफ आहता (बाउंड्रीवॉल) का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसे पूरा करने की ग्रामीणों की मांग पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने श्रीमती नेताम को बताया कि इस गांव में आज तक बिजली नहीं लगी है। सौर ऊर्जा सिर्फ डेढ़ घंटे ही चल पाती है, जिसके बाद पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ती है, जिससे छात्रों को पढ़ाई में भी परेशानी होती है।

**जिला पंचायत सदस्य नेताम ने दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के आश्रम व स्कूलों का किया निरीक्षण**



### शिक्षा सत्र के तीन महीने बाद भी नहीं मिली पूरी पाठ्यपुस्तकें

श्रीमती नेताम ने शोभा स्थित आश्रम और छात्रावासों का भी निरीक्षण किया और छात्रों की समस्याओं को सुना। दौरे के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि राजापड़ाव-गौरगांव क्षेत्र के लोगों को आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नया शिक्षा सत्र शुरू हुए तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन मैनपुर विकासखंड के अधिकांश स्कूलों में अभी तक बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं। उन्होंने कहा, जब आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को पढ़ने के लिए किताबें ही नहीं मिलेंगी, तो उनका भविष्य कैसे सुनहरा होगा? जबकि तीन महीने बीतने के बाद अब त्रैमासिक परीक्षा का समय आ गया है और बच्चे आधे-अधूरे किताबों से पढ़ाई कर रहे हैं। श्रीमती नेताम ने चेतावनी दी कि यदि इस आदिवासी क्षेत्र में आश्रम और स्कूलों की बदहाल व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**विडंबना : रावनाभाटा में 600 की आबादी होने के बावजूद एक भी मुक्तिधाम नहीं**

# गोदाम में चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है मुक्तिधाम और शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भारत एक ऐसा देश है जिसने अंतरिक्ष में इतिहास रचते हुए चांद पर अपना मिशन भेजा है, लेकिन दूसरी तरफ देश के कई ग्रामीण इलाकों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इसका एक चौंकाने वाला उदाहरण छुरा मुख्यालय से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत टेगनाबासा के आश्रित गांव रावनाभाटा (लालपुर) है, जिसकी 600 की आबादी होने के बावजूद यहां एक भी मुक्तिधाम (श्मशान घाट) नहीं है। बारिश के दिनों में यहां किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार करना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। ग्रामीणों को सबसे पहले शव को पानी से बचाने के लिए त्रिपाल का इंतजाम करना पड़ता है, जिसके बाद ही अंतिम संस्कार संभव हो पाता है।




### स्कूल के पास जलभराव से बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक स्कूल के पास की गली में कंक्रीटीकरण तो हुआ है, लेकिन बारिश के दिनों में यहां तालाब जैसा पानी भर जाता है। इससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उपसरपंच रेखचंद साहू ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए पंचायत में दो बार प्रस्ताव भेजा गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। समस्त ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से गांव की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है।



### गोदाम में चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र, बच्चों के लिए शौचालय नहीं

इस गांव की समस्या केवल मुक्तिधाम तक सीमित नहीं है। यहां का आंगनबाड़ी केंद्र पिछले 10 सालों से एक गोदाम में संचालित हो रहा है, जहां छोटे बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उपसरपंच रेखचंद साहू, पंच तुलेश साहू, धनीराम ध्रुव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण उन्हें शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है। गांव का पुराना आंगनबाड़ी भवन भी जर्जर हो चुका है, जिसकी छत से बारिश होने पर पानी टपकता है। आजादी के 78 साल बाद भी यह गांव मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

# आठवीं, पांचवीं वार्षिक परीक्षा की अंक सूची से हजारों बच्चे वंचित



**रसेला।** आज टेक्नोलॉजी के जमाने में गरियाबंद जिला शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्णी निद्रा में लीन हैं कंहा जाय , या जानबूझकर लापरवाही बरतने लगे हैं यह तो उन्ही लपारवाह अधिकारी ही बता पायेंगे। शायद छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह पहला मौका है कि वार्षिक परीक्षा कक्षा आठवीं, पांचवीं बोर्ड परीक्षा अप्रैल माह में सम्पन्न हो गया , पूरक परीक्षा भी सम्पन्न हो चुका स्कूलों में मासिक परीक्षा भी हो गया अब तिमाही परीक्षा होना है लेकिन आज तक कक्षा आठवीं कक्षा पांचवीं का वार्षिक परीक्षा का अंक सूची बच्चों,पालकों, स्कूलों के शिक्षकों के पहुच के बाहर है । भविष्य में देश के निर्माता अपने अंक सूची देखने को तरस गये है गरियाबंद जिला शिक्षा विभाग के घोर लापारवाही के कारण आदिवासी विकास खण्ड के बच्चों का आज तक स्कुलो में स्थाई एडमिशन नहीं हुआ है, विकास खण्ड के बच्चों को शिक्षक फर्द(प्राप्तांक रजिस्टर)का फोटो कापी बांटकर नवमी, छठवीं में अस्थाई दाखिला दिलवा दिये है । इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह को उनके मोबाइल नंबर पर फोन करने पर उनके द्वारा काल रिसीव नहीं किया गया, उनके व्हाट शाप, टेक्स मेसेज भी किया गया इसके बाद भी कोई जवाब नहीं आया । ब्लाक शिक्षा अधिकारी किशुन मतावले ने बताया कि बच्चों की समस्त जानकारी जिला कार्यालय को भेज दिया गया है, जिला अधिकारी अंक सूची नहीं भेज रहा है। क्षेत्र के शिक्षकों ने बताया कि अंक सूची स्कूलो में नहीं आने के संबंध में डीईओ जगजीत सिंह को अवगत कराया गया तो उल्टा ज़वाब था दुर्ग जिले में एक भी बच्चे को नहीं मिला है गरियाबंद जिले की स्थिति ठीक है कहकर शिक्षकों को वापस चलता कर दिया। संकुल कोसमी , सिवनी, कनसिघी, सहित छुरा ब्लॉक अन्य संकुलों के अन्तर्गत मिडिल , प्राथमिक विद्यालय के छात्र अंकसूची से वंचित हैं।

# शिक्षक पूरन लाल को कर्मवीर शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए

**फिंगेश्वर।** प्रगति शिक्षण विज्ञान यात्रा, छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित एक राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, बिजली के व्याख्याता पूरन लाल साहू को सम्मानित किया गया। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और अंधविश्वास उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए चरण प्रक्षालन



और महाआरती कर मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु घासीदास शासकीय स्नातक महाविद्यालय, कुरूद के डॉ. हित नारायण टंडन और विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पूरन लाल साहू को यह सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# भाजपा मंडल खड़मा में सेवा पखवाड़ा पर बैठक हुई

**मुड़ागांव (कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल खड़मा में 12 सितंबर, शुक्रवार को 'सेवा पखवाड़ा' के आयोजन को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े को पूरी निष्ठा के साथ मनाने का आग्रह किया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता, जिला महामंत्री और गरियाबंद के पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि /"सेवा ही समर्पण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को 'सेवा पखवाड़ा' के




रूप में मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा भावना के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि अगर हम ईमानदारी से इस पखवाड़े को मनाने का संकल्प लें, तो निश्चित तौर पर हम सफल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस 'सेवा पखवाड़ा' के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्वच्छता अभियान, दिव्यांगजनों और सफाई कर्मचारियों का सम्मान, महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई, और रक्तदान कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि खड़मा मंडल इन प्रयासों से सर्वश्रेष्ठ मंडल के रूप में अपना नाम दर्ज कराएगा। इस बैठक में श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी (वन सभापति), सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक पीलू राम यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष (पांडुका) संदीप पांडेय, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेंद्र साहू, पुरुषोत्तम गोस्वामी, खेमलाल सिन्हा, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, और पूर्णिमा कंवर सहित कई वरिष्ठ और प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। मीडिया प्रभारी तेजराम ध्रुव ने बताया कि यह बैठक सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

**फलदायी पौधों का रोपण कर पल यादगार बनाया**

# 20 साल बाद मिले 100 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थियों ने यादें ताजा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, नगर के निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय में शुक्रवार को 'एल्युमिनी मीट 2025' का भव्य आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर, महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे से मिलकर अपने कॉलेज के दिनों की सुनहरी यादों को ताजा किया। जब पूर्व छात्र महाविद्यालय पहुंचे, तो उनका स्वागत वर्तमान छात्र संघ ने उसी गर्मजोशी के साथ किया, जैसा वे अतिथियों का करते थे। इससे उन्हें पुराने दिनों की यादें फिर से ताजा हो गईं। 2005-06 बैच के छात्र, जो 20 साल बाद मिले, उन्होंने एक-दूसरे में आए बदलावों पर हंसी-मजाक किया और कॉलेज के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने गांव-गांव जाकर कॉलेज का प्रचार-प्रसार किया, युवा साथियों को प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया, और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों के योगदान को भी गर्व के साथ याद किया। समारोह में हंसी-मजाक, नृत्य और आपसी बातचीत का सिलसिला चलता रहा। इन खूबसूरत पलों ने सभी को उनकी सुनहरी यादों से जोड़ा और जीवन भर के लिए नई यादें बनाने का मौका दिया। यह एल्युमिनी मीट न सिर्फ पुराने दोस्तों को फिर से जोड़ने का माध्यम बनी, बल्कि यह भी दर्शाया कि शिक्षा और गुरुओं का महत्व समय के साथ और भी गहरा होता जाता है।

■ कचना ध्रुवा महाविद्यालय में रजत जयंती पर एल्युमनी मीट का हुआ आयोजन

### सम्मान और पौधा रोपण

कार्यक्रम के अंत में, पूर्व छात्रों ने अपने प्राध्यापकों का सम्मान किया और याद के तौर पर फलदार पौधे रोपे। उन्होंने कहा कि इस नवीन महाविद्यालय प्रांगण में वे अपनी यादें संजोने और एक पहचान बनाने के लिए ये पौधे लगा रहे हैं, और जब वे अगली बार आएंगे, तो ये नन्हे पौधे वृक्ष का रूप ले चुके होंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र और वर्तमान प्राध्यापक विनोद यादव ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक तरुण निर्मलकर, आरआर कुर्रे, पवन यादव, आरती साहू, निर्मला यादव और अन्य लोग उपस्थित थे, जिनका पूर्व छात्रों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। लगभग 100 से अधिक पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



### महाविद्यालय का सफर 56 से 600 से अधिक छात्रों तक

महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, तेजस्वी यादव, लवण साहू, परमेश्वर राजपूत और पूर्व प्रभारी प्राचार्य एन. एल. साहू की उपस्थिति में, प्राचार्य डॉ. डीके साहू ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, /"यह महाविद्यालय कोसंबुडा नदी किनारे सामाजिक भवनों में 56 छात्र-छात्राओं से शुरू हुआ था, और आज यहां 600 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। यह सब आप लोगों की मेहनत, विश्वास और सहयोग का ही परिणाम है। उन्होंने बताया कि आज पूर्व छात्र समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, और उनकी यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी को महाविद्यालय की रजत जयंती समारोह में भी आमंत्रित किया। परमेश्वर राजपूत ने कहा कि एल्युमिनी मीट एक ऐसा अवसर है, जब पूर्व छात्र अपने 'अल्मा मेटर' में इकट्ठा होते हैं, पुरानी यादों को ताजा करते हैं और नई उम्मीदों के साथ नए संवादों की शुरुआत करते हैं। उन्होंने इसे साथियों और शिक्षकों से मिलने का एक आदर्श मंच बताया।

### पूर्व शिक्षकों और छात्रों ने सांझा किया अनुभव

पूर्व प्रभारी प्राचार्य एनएल साहू ने कहा कि किसी व्यक्ति ने किस संस्था से पढ़ाई की है, यह जीवन में बहुत मायने रखता है। उन्होंने याद दिलाया कि जब यह महाविद्यालय खुला था, तब यह क्षेत्र संसाधनों के अभाव के कारण एक टापू की तरह था। उस दौर में साइकिल से कॉलेज का प्रचार-प्रसार किया जाता था। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों की मेहनत अब रंग लाई है, और शिक्षा के क्षेत्र में छुरा विकास के उच्च पायदान को छू रहा है। पूर्व छात्रों ने भी महाविद्यालय से अपने जुड़ाव और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि वे आज जो कुछ भी हैं, उसमें महाविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है और यहां आकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# बारूला में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ, कुपोषण जागरूकता पर जोर

**छुईहा बेलर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बारूला में ग्राम पंचायत सरपंच सुखदेव साहू ने बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर 'शिशु संरक्षण माह 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता चांदनी साहू ने बताया कि इस अभियान के तहत शिशुवती और गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य की जांच की गई, और ग्रामीणों को कुपोषण से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी गई, जबकि 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड सिरप उपलब्ध कराया गया। इसके



साथ ही, शिशुवती और गर्भवती महिलाओं को आयरन सिरप, पोषण आहार और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। बच्चों का वजन, पोषण आहार की गुणवत्ता और कुपोषण की जांच भी की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि विटामिन ए और आयरन बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। साथ ही, माताओं को संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी समझाया गया, जिसे कुपोषण से लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका बताया गया। इस तरह, बारूला में 'शिशु संरक्षण माह' का शुभारंभ सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि यह कुपोषण उन्मूलन के लिए एक जन-जागरूकता अभियान का रूप लेता दिखाई दिया।

